QP CODE
H1045

Enrollment Number: ………………

Name: ………………………………

BA DEGREE EXAMINATIONS, FEBRUARY 2026
Fifth Semester
B.A. Hindi Language and Literature
B21HD05DC – हिन्दी गद्य साहित्य
(2022 admissions)
(Supplementary/ Improvement)

Time: 3 Hours **Max.Marks:70**

Section A

किन्हीं दस (10) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में दें।प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होता है।

1. 'भोलाराम का जीव' किसकी रचना है?
2. नाटक शब्द का उद्भव किस शब्द से हुआ?
3. 'ए.बी.सी.डी' किसके द्वारा रचित उपन्यास है?
4. 'प्रेमसागर' किसके द्वारा रचित है?
5. 'चिन्तामणि' किसका गंथ है?
6. संस्मरण का अंगेज़ी शब्द कौन सा है?
7. हिन्दी के प्रथम एकांकी का नाम क्या है?
8. सत्यवान की पहली पत्नी कौन थी?
9. 'आकाशदीप' किसकी कहानी है?
10. आधुनिक काल को किसने गद्यकाल कहा?
11. 'जहाँ आकाश दिखाई नहीं देता' का लेखक कौन है?
12. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' किसका निबन्ध है?
13. 'सावित्री 2007' नाटक में कितने अंक हैं?

14. आधुनिक युग की मीरा किसे कहते हैं?

15. 'ज्वाला और जल' किसका उपन्यास है?

(1X10=10)

Section B

किनहीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर दो या दो से अधिक वाक्यों में दें। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होता है।

16. महादेवी वर्मा की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
17. हिन्दी निबन्ध साहित्य की विकास यात्रा को किन किन कालों में विभाजित किया गया है?
18. संस्मरण और रेखाचित्र में अन्तर क्या है?
19. भीष्मसाहनी की रचनाओं के बारे में लिखिए।
20. कहानी समाट प्रेमचन्द पर टिप्पणी लिखिए।
21. विष्णु प्रभाकर के कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
22. अभिनन्दन गंथ क्या है?
23. प्रमुख आँचलिक उपन्यासकारों का परिचय दीजिए।
24. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबन्ध में किस विषय की चर्चा की गई है?
25. भारतेंदु युग के प्रमुख नाटककारों का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(2X5=10)

Section C

किन्हीं छह (6) प्रश्नों के उत्तर एक पृष्ठ के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का होता है।

26. नाटक और एकाँकी की शिल्पगत विशेषताओं के बारे में लिखिए।
27. हिन्दी गद्य के विकास में फोर्ट विलियम कॉलेज की भूमिका क्या है?
28. हिन्दी कहानी की विकास यात्रा पर टिप्पणी लिखिए।
29. ' ए.बी.सी.डी' उपन्यास में चित्रित सांस्कृतिक संघर्ष को स्पष्ट कीजिए।
30. 'आकाशदीप' कहानी का सारांश लिखिए।
31. 'जहाँ आकाश दिखाई नहीं देता' की विशेषताओं की ओर प्रकाश डालिए।
32. " भ्रष्टाचार पर व्यंग्यात्मक बाण चलाने में परसाईजी सिद्धहस्त हैं"-''भोलाराम का जीव' पाठ के आधार पर इसका समर्थन कीजिए।

QP CODE
H1045

33. 'सावित्री 2007' नाटक में चित्रित सम- सामयिक विषयों पर चर्चा कीजिए।
34. " 'पूस की रात' कहानी भारतीय ग्रामीण जीवन को भली भाँति प्रतिफलित करनेवाली कहानी है"- स्पष्ट कीजिए।
35. दलित चेतना की दृष्टि से 'सलाम' कहानी का मूल्यांकन कीजिए।
36. 'अपरिचित' कहानी की विशेषताओं के बारे में लिखिए।
37. 'गैंग्रीन' कहानी की कथ्यगत विशेषतएँ प्रस्तुत कीजिए।

(5X6=30)

Section D

किनहीं दो (2) प्रश्नों के उत्तर दो पृष्ठों के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होता है।

38. "'चीफ की दावत' और 'अकेली', परित्यक्त जीवन बितानेवाली बूढियों की दयनीय दशा का, यथार्थता के साथ अंकन करनेवाली कहानियाँ हैं"- इस पर अपने विचार प्रकट कीजिए।
39. 'चीनीभाई' रेखाचित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
40. हिन्दी उपन्यास के उद्भव और विकास का सामान्य परिचय दीजिए।
41. आधुनिक हिन्दी नाट्य कला के विकास पर एक आलेख तैयार कीजिए।

(10X2=20)